हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

11 फॉर्म-6 के 12,534 आवेदनों में से 11,406 पर कार्रवाई...



12 रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन श्रीराम के धनुष तोड़ते ही गूंजे...



खबर संक्षेप

1.68 करोड़ की धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार

डबवाली। आर्थिक अपराध शाखा ने 45 एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त से संबंधित 1.68 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सुभाष चंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता आनंद कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता अनिल कुमार निवासी गांव डाबड़ा, जिला हिसार की शिकायत पर थाना शहर डबवाली मं विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

हेरोइन सप्लाई की फिराक में खड़ा तस्कर काबू

फतेहाबाद। थाना शहर रतिया पुलिस ने रत्ताखेड़ा नहर के पास से एक युवक को 20.70 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरनाम सिंह उर्फ गामी पुत्र पाला सिंह, निवासी गांव रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

नाबालिग के अपहरण और छेड़छाड़ में दो काबू

फतेहाबाद। नाबालिग लड़की के अपहरण, नशीला पदार्थ पिलाने और छेड़छाड़ के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना जाखल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरप्रीत उर्फ पीती पुत्र करतार सिंह तथा सोनू पुत्र राम सिंह, दोनों निवासी बाजीगर बस्ती, जाखल के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी निरीक्षक बलराज ने बताया कि एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था।

बारिश के बाद तेज हवाओं का कहर : जाखल और टोहाना में सबसे ज्यादा नुकसान

खेतों में हजारों एकड़ में फसल बिछी, मंडियों में धान भीगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में वीरवार को हुई बारिश और इसके बाद चली तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर बिछ गई, वहीं मंडियों और खरीद केंद्रों पर खुले में पड़ा धान भीग गया। मौसम की मार से खेतों में कटाई का काम रुक गया और मंडियों में सरकारी खरीद भी बंद रही। खेतों में फसल काटने के लिए पहुंची कंबाइन मशीनें खामोश खड़ी रहीं। पहले से धीमे चल रहे धान उठान और खरीद कार्य के बीच बारिश ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों को चिंता है कि यदि मौसम लगातार खराब रहा तो फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ उत्पादन में भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। सर्वाधिक नुकसान जाखल और टोहाना में है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बारिश के बाद तीन-चार दिन कंबाइन नहीं लग पाएगी। खेतों में बिछी धान की बालियां कंबाइन से नहीं खड़ी होंगी। ऐसे में 15 से 20 फीसदी उत्पादन पर असर पड़ेगा। जिले में वीरवार को जाखल में सर्वाधिक 36 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा फतेहाबाद में 10 एमएम, भूना में 9 एमएम, टोहाना मे 17 और रतिया में 3 एमएम बारिश हुई। हजारों एकड़ में खड़ी फसल जमीन पर गिरने से किसानों के सामने कटाई और दाने की गुणवत्ता बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। सितंबर के अंतिम सप्ताह में 1509 किस्म का धान मंडियों में पहुंचना शुरू हो गया था।







फतेहाबाद। अतिरिक्त अनाज मंडी में बरसात से भीगा धान। बारिश में भीगी हुई बोरियां व बरसात के बाद खेतों में बिछी फसल। *फोटो : हरिभूमि*

सिरसा। मजदूर धान की ढेरियों में घुसा पानी निकालते हुए।

ठेके की जमीन पर खेती करने वालों की बढ़ी चिंता

गांव अहलीसदर के किसान रामकिशन ने बताया कि उन्होंने ठेके पर जमीन लेकर धान की बिजाई की थी। फसल पर काफी खर्च किया, लेकिन बारिश ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। लागत निकालना भी मुश्किल दिखाई देने लगा है। वहीं, भूना क्षेत्र के गांव सांचला निवासी किसान किशोरी लाल ने कहा कि बारिश से फसल गीली हो गई है और तेज हवाओं से खेतों में धान गिर गया।

मौसम खुलने से राहत, कृषि विभाग करेगा आकलन

कृषि उपनिदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि बारिश के बाद मौसम खुल गया है, इसलिए फिलहाल बहुत अधिक नुकसान की आशंका नहीं है। हालांकि, खेतों में फसल गिरने और बारिश के प्रभाव को देखते हुए कृषि विभाग के विशेषज्ञ, एडीओ और बीएओ हालात पर नजर रख रहे हैं। जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

अब परमल धान की आवक भी तेज हो रही थी। जिले में 3 लाख एकड़ फसल अभी भी खेतों में खड़ी है। अब तक जिला फतेहाबाद में एक लाख 27 हजार 289 एमटी धान की आवक हो चुकी है।

भूना में 9 एमएम बारिश ने खोली धान खरीद व्यवस्था की पोल, खुले में पड़ा सैकड़ों क्विंटल धान भीगा

भूना। शहर में गुरुवार सुबह अचानक हुई 9 एमएम बारिश ने अनाज मंडी में धान खरीद और उसके रखरखाव की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बारिश के चलते मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा किसानों का सैकड़ों क्विंटल धान भीग गया। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, बारिश से धान को बचाने के लिए किए गए इंतजामों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। सुबह अचानक मौसम बदलने के बाद बारिश शुरू हुई तो मंडी में खुले में पड़ा धान इसकी चपेट में आ गया। बारिश का पानी धान की ढेरियों के नीचे बिछाई गई दरियों में भी घुस गया। इसके बाद मजदूरों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मजदूरों ने दरियों में जमा पानी को बाहर निकाला, ताकि धान को और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। इसके बावजूद खुले में रखी धान की बड़ी मात्रा बारिश में भीग गई। धान की खरीद के दौरान बारिश से बचाव के लिए अधिकारियों की ओर से पॉलिथीन सहित अन्य इंतजाम होने की बात कही गई थी।

चार दिन नहीं चल पाएगी कंबाइन

फसल पकने के बाद बालियों का वजन बढ़ जाता है। ऐसे में तेज हवाएं चलने पर धान के पौधे जमीन पर गिर जाते हैं। फसल बिछने से कटाई में परेशानी होती है और खेत में नमी बने रहने पर दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा रहता है। बारिश के कारण कटाई रुकने से कंबाइन मशीनें भी खेतों में खड़ी रहीं। यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो कटाई में देरी के साथ नुकसान बढ़ने की आशंका है। इतनी बारिश के बाद तीन-चार दिन कंबाइन नहीं लग पाएगी। खेतों में बिछी धान की बालियां कंबाइन से नहीं खड़ी होंगी। ऐसे में 15 से 20 फीसदी उत्पादन पर असर पड़ेगा। -**राजपाल**, तकनीकी सहायक, कृषि विभाग फतेहाबाद।

पानी की टंकी पर गिरी आसमानी बिजली

कालांवाली। कालांवाली में भी वीरवार सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसी दौरान एक मकान पर आसमानी बिजली गिर गई। जिससे पानी की टंकी का नुकसान हो गया। जानकारी अनुसार एसडीएम कार्यालय के पास एडवोकेट प्रगट सिंह के घर की है, जहां आसमानी बिजली गिर गई। बिजली गिरने से घर की छत पर रखी पानी की टंकी टूट गई। गनीमत रही कि इस घटना में परिवार के किसी सदस्य को कोई चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई। मकान मालिक को पहले आसपास बिजली गिरने का अंदेशा हुआ, लेकिन बाद में पता चला कि यह सीधे उनके घर की टंकी पर गिरी थी। बिजली का असर सिर्फ टंकी तक ही सीमित रहा। बरसात रुकने के बाद लोगों ने बाहर निकलकर देखा तो टंकी पूरी तरह टूट चुकी थी।

बरसात ने खोली प्रशासन के इंतजामों की पोल, मंडियों में हजारों क्विंटल धान भीगा

कालांवाली। धान खरीद सीजन के दौरान मार्केट कमेटी कालांवाली के अंतर्गत आने वाली अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अव्यवस्थाओं के चलते किसान, मजदूर और आढ़तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ अनाज मंडियों में धान खरीद प्रक्रिया में सफाई, झराई और तुलाई इत्यादि को लेकर कई प्रकार के सवाल उठ रहे है। मंडियों में किसानों को धान का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। साथ में मजदूरों को पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही। वहीं दूसरी ओर तेज बरसात से मंडियों में खुले में पड़ा हजारों क्विंटल धान भीग गया है। मंडियों में पानी निकासी के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने से किसानों और आढ़तियों को नुकसान की आशंका सता रही है। हालात ऐसे हैं कि सरकार और प्रशासन की ओर से किए गए सुविधाओं के दावे जमीनी स्तर पर कमजोर नजर आ रहे हैं।

धान की आवक जोरों पर लेकिन उठान कार्य धीमा

मार्केट कमेटी कालांवाली के अंतर्गत आने वाली मंडियों में अब तक 2 लाख 84 हजार 4 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। इनमें से 75 हजार 450 क्विंटल धान की खरीद दर्ज की गई है, जबकि केवल 23 हजार 905 क्विंटल धान का उठान हो पाया है। आवक और उठान के बीच बड़ा अंतर मंडियों में फसल के लंबे समय तक पड़े रहने की स्थिति को उजागर करता है। ऐसे में मौसम खराब होने पर किसानों की मेहनत और फसल दोनों पर संकट खड़ा हो गया है।

मंडी में नहीं है पर्याप्त बंदोबस्त, भीगा हजारों क्विंटल धान

भले ही सरकार व प्रशासन किसानों, मजदूरों और आढ़तियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के दावे कर रहा है। लेकिन धरातल पर यह दावे खोखले साबित हो रहे है। मार्केट कमेटी कालांवाली के अंतर्गत आने वाली अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में धान की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण बारिश ने व्यवस्थाओं की खामियां सामने ला दी हैं।



सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी
डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'

पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



एआई इनोज

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



एआई इनोज

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंद्रगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी
सुमन बाजपेयी

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'



एआई इनोज

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

'यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें।' *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाजूबंद नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के परिधान का रंग बदला हुआ है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

खबर संक्षेप

नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी काबू

फतेहाबाद। एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र जसवन्त सिंह, निवासी गांव खुनन के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक शीशपाल ने बताया कि पीड़ित परिवार के अनुसार उनकी नाबालिग बेटी 4 अक्टूबर की रात को घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों की शिकायत के आधार पर थाना सदर रतिया में 5 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने गहनता से जांच आरंभ की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी व मानवीय सहायता से सुराग जुटाते हुए मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह को धर दबोचा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से छानबीन की जा रही है।

एसआईआर : फतेहाबाद में 68,585 मामलों में अंतिम कार्रवाई दर्ज

फॉर्म-6 के 12,534 आवेदनों में से 11,406 पर कार्रवाई, सूची में जुड़े नाम

- 1,05,186 नोटिसों की सुनवाई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एसआईआर को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत फतेहाबाद जिले में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और दावे-आपत्तियों के समयबद्ध निपटान के आंकड़े जारी किए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार, जिले में एक अगस्त से 30 सितंबर, 2026 तक फॉर्म-6 के कुल 12,534 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 11,406 पर कार्रवाई करते हुए नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जा चुके हैं। इसी अवधि में फॉर्म-7 के प्राप्त 1,907 आवेदनों में से 1,576 का निपटान किया गया, जबकि फॉर्म-8 के 7,671 आवेदनों में से 6,799 पर नियमानुसार कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

एसआईआर प्रक्रिया के तहत नोटिसों की सुनवाई एवं निपटान के आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 1,05,186 नोटिस जारी किए गए थे और इन सभी की सुनवाई का काम पूरा हो चुका है। इनमें से 68,585 मामलों को सुनवाई के बाद अंतिम कार्रवाई के लिए दर्ज कर लिया गया है, जबकि 5,190 मामलों में मतदाता अंतिम प्रकाशन के लिए अपात्र पाए गए हैं। वर्तमान में जिला निर्वाचन अधिकारी और रोल ऑब्जर्वर द्वारा प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सुपर-चेकिंग की जा रही है।

एसआईआर को लेकर हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास द्वारा प्रदेश के सभी उपायुक्तों-कम-जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान समीक्षा की गई। बैठक में मतदाता सूची की जांच, नोटिसों की सुनवाई, फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11बी की सूचियों को राजनीतिक दलों के साथ साझा करने तथा बीएलओ और बीएलए के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक के बाद फतेहाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि एसआईआर अभियान में पारदर्शिता, निष्पक्षता और निर्धारित प्रक्रिया का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। साथ ही अपात्र प्रविष्टियों की जांच नियमानुसार की जाए तथा प्राप्त सभी दावे एवं आपत्तियों का समयबद्ध निपटान हो।

ये रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेन्द्र सिंह, चुनाव नायब तहसीलदार राजकुमार तथा डीआईओ सिकंदर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी



सरकार को व्यापार व उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन बनाना चाहिए : बजरंग गर्ग

भट्टकलां। भट्ट में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में वैश्य समाज को संगठन को मजबूत बनाने व विस्तार करने पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज ने व्यापार व उद्योग जगत में देश का नाम विश्व स्तर पर चमकाने का काम किया है। सरकार को व्यापार व उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन बनाना चाहिए। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा में टैक्सटाइल हब बनाना चाहिए। सरकार अगर अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनती है तो अग्रोहा में करोड़ों-अरबों रुपये का पूंजीनिवेश करवाने की जिम्मेदारी हमारी होगी।



जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

डिंग। जिले में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को गांव डिंग में सेवा सेतु अभियान ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जागरूक किया गया। यही नहीं पात्र नागरिकों का विभिन्न विभागों द्वारा पंजीकरण भी किया गया। शिविर में परिवार पहचान पत्र, रेडक्रॉस, जन स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमित्रा ने बताया कि शिविर में लाडो लक्ष्मी योजना सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों और महिला शक्ति आधारित योजनाओं बारे बताया गया है। अन्य विभागों द्वारा भी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र लोगों का योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए गए हैं।



सीएमके के तीन विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण पदक

सिरसा। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने जिला खेल महाकुंभ में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। अपने-अपने भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीनों खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर व प्रशिक्षक रोबिन ने बताया कि टोहाना में आयोजित प्रतियोगिता में वंश ने 50-55 किलोग्राम भार वर्ग में, खुशबू ने 51-54 किलोग्राम भार वर्ग में तथा आयुषी ने 80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। तीनों खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्या ने विजेता खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया है।



आईटीआई में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

ओढां। चौधरी देवीलाल राज्य इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान पन्नीवाला मोटा में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत करियर काउंसलिंग एवं सामान्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. सुमन रानी ने जिम्मेदार नागरिकता, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज और देश की प्रगति के लिए करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित पुनीत चावला एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग तथा समन्वयक, ईडीपी सेल ने विद्यार्थियों को करियर नियोजन, उच्च शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संचार कौशल विकसित करने तथा बदलती तकनीकों एवं औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया।



एमएम कॉलेज में खंड-स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

फतेहाबाद। मनोहर मेमोरियल कालेज, फतेहाबाद में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में खंड-स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता लेवल-4 का आयोजन किया गया। कालेज के अमरजीत कौर मेमोरियल सेमिनार हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में गत 31 अगस्त को आयोजित सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता लेवल-4 में उत्कृष्ट और सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 39 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमएम कालेज फतेहाबाद के साथ-साथ एमएम कालेज आफ एजुकेशन फतेहाबाद, केटी कालेज रतिया, गवर्नमेंट कालेज भूना, गवर्नमेंट कालेज भट्टकलां, आईजी कालेज टोहाना, राजकीय महिला महाविद्यालय भोडियाखेड़ा, एसडीएस गवर्नमेंट कालेज फॉर वूमैन रतिया, गवर्नमेंट पालिटेक्निक धांगड़ और गवर्नमेंट आईटीआई टोहाना के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह ने शोक जताया



फतेहाबाद। पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ लंबी लड़ाई लडने वाले प्रसिद्ध सोशल एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की निर्मम हत्या के बाद उपजे आक्रोश के बीच, नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मानसा पहुंचे। वहां उन्होंने परविंदर सिंह झोटा के परिवार तथा अन्य लोगों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान भवानी सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुःख की इस घड़ी में नशामुक्ति सेना की पूरी टीम परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। मानसा में पीड़ित परिवार से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह ने मांग की कि परविंदर सिंह झोटा को पंजाब सरकार तुरंत शहीद का दर्जा दे और उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाए।

ज्ञान, इतिहास और संस्कृति से रूबरू हुए क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी

शैक्षिक भ्रमण ने बनाया यादगार अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद



फतेहाबाद। ताज महल का दीदार करते क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी।

क्रेसंट स्कूल के कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों, भारतीय संस्कृति, कला एवं वास्तुकला से प्रत्यक्ष रूप से परिचित करवाना तथा उनके ज्ञान और अनुभवों में वृद्धि करना रहा। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने आगरा के विश्वप्रसिद्ध ताजमहल एवं आगरा किला, फतेहपुर सीकरी के ऐतिहासिक स्मारकों तथा जयपुर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। जयपुर में विद्यार्थियों को आमेर किला, जल महल, सिटी पैलेस, जंतर-मंतर, हवा महल, अल्बर्ट हॉल संग्रहालय और बिड़ला मंदिर जैसे प्रसिद्ध स्थलों के बारे में जानने का अवसर मिला। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने स्थानीय बाजारों एवं शहर की सांस्कृतिक विशेषताओं को भी करीब से देखा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य कला और गौरवशाली परंपराओं के बारे में अनेक नई जानकारियां प्राप्त कीं। इन ऐतिहासिक स्थलों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर विद्यार्थियों में जिज्ञासा, अवलोकन क्षमता और सीखने की रुचि विकसित हुई। यात्रा ने विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ-साथ अनुशासन, आपसी सहयोग, सामूहिकता और सामाजिक व्यवहार का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया। प्रधानाचार्या ऋतु सिंधू ने इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमणों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कक्षा में प्राप्त ज्ञान को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोडऩे पर सीखना अधिक प्रभावशाली और स्थायी बनता है। ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं तथा उन्हें अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक एवं गौरवान्वित होने की प्रेरणा देते हैं।

सालासर धाम के लिए विशेष बस सेवा शुरू

फतेहाबाद। फतेहाबाद से राजस्थान स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सालासर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, हरियाणा रोडवेज के फतेहाबाद डिपो से विशेष बस सेवा का संचालन शुरू किया गया है। वीरवार को एक महिला श्रद्धालु ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नए बस स्टैंड से सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु सालासर बालाजी के दर्शनों के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर यातायात प्रबंधक सुरेंद्र सिंह, संस्थान प्रबंधक हवा सिंह, बस स्टैंड प्रबंधन से राजकुमार ट्रैफिक, रवि कुमार, अनिल कुमार, रजत, धर्मवीर सहित रोडवेज स्टाफ के कई सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। फतेहाबाद डिपो के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि शरद पूर्णिमा मेले में उमडऩे वाली भीड़ को देखते हुए यह विशेष बस सेवा 26 अक्टूबर तक रोजाना चलाई जाएगी। यह बस सुबह 10:10 बजे फतेहाबाद के नए बस स्टैंड से सालासर के लिए रवाना होगी।



लॉयर्स यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून-2023 को रद्द करने की मांग

फतेहाबाद। देश में संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता, मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया और नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा को लेकर ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन फतेहाबाद के उपमंडल अधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर एडवोकेट कमलेश वशिष्ट, देवेंद्र कस्वां, धर्मपाल जाखल, दयानंद, सीताराम बैनीवाल, प्रेम परमजीत कौर, देवीलाल, चंद्रभान, पूनम, दीपिका, मोनिका, नरेश सोनी, राजकुमार पंवार, अजय कुमार, बलकार सिंह संधू, एसएस थिंद, बंसीलाल, शाहनवाज सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। यूनियन के नेताओं ने कहा कि मतदाता सूचियों के एसआईआर की प्रक्रिया का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में जोडना होना चाहिए, न कि उन्हें मताधिकार से वंचित करना। उन्होंने आरोप लगाया कि इस जटिल प्रक्रिया से गरीब, मजदूर, किसान, प्रवासी श्रमिक, महिलाएं, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत वयस्क मताधिकार भारतीय लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने विवादित एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोकने, इसकी स्वतंत्र समीक्षा करने और बिना सुनवाई के किसी का नाम न हटाने की मांग की।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल : वकीलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 को रद्द करने की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान कानून में चयन समिति के अंदर सरकार का बहुमत होने से चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े होते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम व्यवस्था के तहत भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति में शामिल किया था, लेकिन नए कानून में उनके स्थान पर केंद्रीय मंत्री को शामिल कर दिया गया। यूनियन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नियुक्ति व्यवस्था बनाने की मांग की।



कालांवाली। हादसे के बाद खेतों में पलटी पिकअप।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

कालांवाली। कालांवाली-देसूमलकाना रोड पर वीरवार सुबह सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 65 वर्षीय दर्शन सिंह निवासी गांव देसूमलकाना है। घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी अनुसार दर्शन सिंह जोकि कालांवाली में सब्जी की दुकान पर काम करता था। वो रोजाना की तरह साइकिल पर सवार होकर अपने काम पर जा रहा था। इस दौरान बीच रास्ते में पट्रोल पंप के पास कालांवाली तरफ से आ रही एक पिकअॅप ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दर्शन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिकअॅप अनियत्रित होकर खेतों में जाकर पलट गई। घटना के बाद पिकअॅप चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में कालांवाली थाना प्रभारी देवीलाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम करवाने के लिए सिरसा के सामान्य अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता भगवान श्रीराम का जीवन : देवीदयाल तायल

ऐतिहासिक 99वीं चिल्ली वाली रामलीला का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭| फतेहाबाद



श्री राम सेवा समिति चिल्ली वाली द्वारा आयोजित ऐतिहासिक 99वीं रामलीला का शुभारंभ गत रात्रि धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रमुख समाजसेवी एवं अग्रवाल सभा के संरक्षक देवी दयाल तायल ने रामलीला का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उद्योगपति राज कुमार जिन्दल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए व अध्यक्षता श्री राम सेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुडलाडिया ने की। रामलीला के सह निर्देशक शंकर बंसल ने पटका पहनाकर व बैज लगाकर आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्ण सिंगला ने किया। रामलीला के प्रारंभ में रामलीला के कलाकारों, सहयोगियों व उपस्थितजनों ने वर्षों तक रामलीला के डायरेक्टर रहे स्व. विनोद गर्ग नानू के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि देवी दयाल तायल ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम का चरित्र केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए आदर्श जीवन का संदेश है। उन्होंने श्री राम सेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुडलाडिया व पदाधिकारियों एवं सदस्यों को ऐतिहासिक 99वीं रामलीला के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इतने लंबे समय से इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाना सराहनीय कार्य है।



गांव कलौठा में पीर के मेले में लगाया रक्तदान शिविर

रतिया। गांव कलौठा में पीर बाबा लखदाता जी दरगाह में आयोजित सालाना मेले के दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रतिया के पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा व नागपुर ब्लॉक समिति चेयरपर्सन गुरप्रीत कौर व प्रतिनिधि गुरतेज सिंह, ऑटो मार्केट फतेहाबाद के प्रधान हरपाल ढ़ाका, सचिव विकेश छाबड़ा, सुशील नारंग, निखिल भाटिया, रेडक्रॉस सोसायटी से सुरेन्द्र चुघ व सुनील भाटिया, गांव कलौठा के सरपंच डा. मुरारी कम्बोज, अजीत नगर के पूर्व सरपंच छिन्द्रपाल रसेवट, रमेश कम्बोज मद्द, समाजसेवी सुरजीत ढुकिया, ब्लॉक समिति सदस्य सीताराम, रमेश कुमार, ओम प्रकाश सामा, समाजसेवी संदीप बिश्नोई मोडियाखेड़ा, बलविन्द्र गुल्ली, महेन्द्र चहल, पूर्व सरपंच नारायणदास सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। सेवक रमेश अरोड़ा व भगत सुरजीत ने आए हुए अतिथियों, रक्तदाताओं व श्रद्धालुओं का स्वागत किया। आयोजक कमेटी द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा 9वीं से 12वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने लिया भाग

युवा संसद में छात्रों ने सीखी लोकतंत्र की बारीकियां

- ऑब्जर्वर डिंग डाइट के युवा विंग शाखा के प्रभारी अनिल चावला रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭| चौपटा



चौपटा। युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूली विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गांव मोडियाखेड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सिमें कक्षा 9वीं से 12वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्पीकर, महासचिव, प्रधानमंत्री, विपक्ष का नेता, सहित अनेक सांसद बनकर एक घंटे तक अभिनय करके संसद की कार्यप्रणाली को चलाया।

युवा संसद के आयोजन पर देश की मुख्य समस्याओं के मुद्दे रखे गए व उन पर तीखी बहस व कुछ प्रस्तावों पर विचार विमर्श करके संसद में पास किया गया। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता संदीप कुमार ने स्टाफ सदस्यों व बच्चों के सहयोग से की गई।

प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक मंडल में प्रवक्ता हेमराज राजनीति विज्ञान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालांवाली व राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता सुरेश कुमार शर्मा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऐलनाबाद ने इस युवा संसद प्रतियोगिता का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों को संसद की कार्य प्रणाली के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी मिलती है। वहीं विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ कौशल नेतृत्व का विकास बढ़ाने का कार्य करता है। इस अवसर पर बतौर ऑब्जर्वर डिंग डाइट के युवा विंग शाखा के प्रभारी अनिल चावला भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने किया स्वागत

विद्यालय प्राचार्य सुमन रोहित ने आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया व विद्यार्थियों को बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता बढ़ती है तथा विद्यार्थी सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल, चर्चा, विचार-विमर्श और लोकतांत्रिक संवाद की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझते हैं। इस अवसर पर गुडियाखेड़ा विद्यालय के प्राचार्य उमेद सिंह ढाका, साहुवाला द्वितीय विद्यालय की प्राचार्या मंजू पूनिया, सरपंच भरत छापुनिया, एसएमसी प्रधान रामेश्वर सहित अनेक गणमान्य जन तथा सभी विद्यालय स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जान से मारने की धमकी मामले में आरोपी पकड़ा

रतिया। एक युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और गाड़ी में तोडफ़ोड़ करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र पूर्ण उर्फ प्रेम, वार्ड नंबर 5, रतिया का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 5 निवासी एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 26 सितंबर को वह अपनी कार में दोस्तों के साथ अनाज मंडी की तरफ से घर लौट रहा था। टेलीफोन एक्सचेंज के नजदीक कुछ युवकों ने अपनी मोटरसाइकिलें रास्ते में खड़ी कर उसकी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया।

हर सीजन में दो लाख क्विंटल पराली का कर रहे प्रबंधन

जितेंद्र संधू का सालाना कारोबार नौ करोड़ के पार

पराली को जलाने की बजाय बनाया कमाई का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

खेतों में धान के फसल अवशेषों को आग लगाने से होने वाले नुकसान को देखते हुए बरूवाली प्रथम निवासी जितेंद्र सिंह संधू ने पराली प्रबंधन को रोजगार का माध्यम बना लिया। वर्ष 2009 में उन्होंने संधु एग्री वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बनाई। आज उनके पास 12 बेलर हैं, जिनकी मदद से वह हर सीजन में दो लाख क्विंटल से अधिक पराली एकत्रित करते हैं। पराली की गांठें बनाकर भादरा पावर प्लांट सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को आपूर्ति की जाती है। इस व्यवसाय से उनका सालाना कारोबार करीब नौ करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।



सिरसा। जितेंद्र सिंह संधू के द्वारा बेलर से बनाई गई पराली की गांठें।

लुधियाना में पहली बार देखा बेलर

स्नातक पास जितेंद्र सिंह संधू ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले लुधियाना में एक विश्वविद्यालय के कार्यक्रम दौरान बेलर मशीन देखी थी। इसकी कार्यप्रणाली और फसल अवशेषों के प्रबंधन की संभावनाओं को देखकर उन्होंने बेलर खरीदने का निर्णय लिया। वर्ष 2009 में स्वयं खर्च कर पहली मशीन खरीदकर लाने के साथ ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। जितेंद्र के पास 12 बेलर के अलावा 25 ट्रैक्टर अपने हैं। सीजन के दौरान काम बढने पर उन्हें लगभग इतने ही ट्रैक्टर किराये पर लेने पड़ते हैं। उनके पास 40 से अधिक ट्रेलर हैं, जिनके माध्यम से खेतों से एकत्रित फसल अवशेषों को संबंधित औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। इस व्यवसाय के माध्यम से 60 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। पराली के साथ-साथ वह गेहूं के अवशेषों को भी एकत्रित करते हैं और उनकी गांठें बनाकर उपयोग के लिए भेजते हैं। इस तरह धान और गेहूं, दोनों फसलों के अवशेषों का समुचित प्रबंधन किया जा रहा है। साल 2022 व 2025 में मिली सरकारी सहायता से उन्हें आर्थिक मजबूती मिली।

कभी नहीं जलाई फसल अवशेषों में आग

जितेंद्र सिंह संधू के पास अपनी 35 एकड़ जमीन है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी अपने खेतों में फसल अवशेष नहीं जलाए। पहले भी वह अवशेषों को खेत में मिलाकर उनका उपयोग करते रहे हैं। जब पराली जलाने से वातावरण में धुआं फैलने और प्रदूषण की समस्या बढने लगी तो उन्होंने इस चुनौती के समाधान में योगदान देने के साथ इसे रोजगार के रूप में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। आज वह लगातार अपने व्यवसाय का विस्तार कर रहे हैं और किसानों को फसल अवशेषों के निपटान का एक विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं।

मित्र कीट भी होते हैं नष्ट

सहायक कृषि अभियंता डॉ. विजय जैन ने किसानों से धान के फानों को आग नहीं लगाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि खेतों में फसल अवशेष जलाने से जमीन में मौजूद मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, जिसका फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा आग से निकलने वाला धुआं वातावरण को दूषित करता है और प्रदूषण की समस्या बढ़ाता है। उन्होंने किसानों को पराली प्रबंधन की तकनीक अपनाने तथा फसल अवशेषों का उचित उपयोग करने की सलाह दी, ताकि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

खबर संक्षेप

बणी में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आज

रानियां। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बणी में कल 16 अक्टूबर को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन प्रातः आठ बजे से किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा लोगों को स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिविर में आने वाले लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आवश्यक स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

युवक दो अवैध पिस्तौल सहित काबू

सिरसा। सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान गांव कागदाना के नजदीक एक युवक को दो अवैध पिस्तोलों सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नाथूसरी चौपटा से गांव कागदाना की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव के नजदीक सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर युवक ने वहां से खिसकने का प्रयास किया। शक के आधार पर पुलिस टीम ने उसे काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से दो अवैध पिस्तोल बरामद हुए।

450 से अधिक रिक्त पदों पर होगा चयन

सिरसा। जिला रोजगार कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में 16 अक्टूबर को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा जिसमें कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। जिला रोजगार अधिकारी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिले और आसपास के क्षेत्रों के शिक्षित एवं तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है।

असीर में चोरी के आरोपी से नकदी बरामद

कालांवाली। कालांवाली थाना पुलिस टीम ने गांव असीर में बंद पड़े घर में हुई चोरी के मामले में आरोपी गुरदास को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता आनंद कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह निवासी असीर अपने परिवार सहित घर से बाहर किसी कार्यक्रम में गया था। देर रात घर वापस आने पर देखा कि उसके घर से अज्ञात व्यक्ति 10,000 रुपए नकदी चोरी कर ले गया। इस बारे में थाना कालांवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

सिलेंडर चोरी करने वाले दोनों आरोपी काबू

फतेहाबाद। थाना शहर टोहाना पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमित उर्फ तूता पुत्र बनारसी तथा सावन उर्फ डैनी पुत्र तरसेम निवासी राजनगर, टोहाना के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि गांव भोडी निवासी जसबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह वरदान भारत गैस एजेंसी, जमालपुर शेखां में कार्यरत है।

कलाकारों ने जीवंत किया रामायण का प्रसंग, भारतीय संस्कृति और मर्यादा

रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन श्रीराम के धनुष तोड़ते ही गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

द्वारका रामलीला में सीता स्वयंवर प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। विशाल मंच, आकर्षक सज्जा और प्रभावशाली प्रकाश व्यवस्था के बीच कलाकारों ने भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष उठाने और उसे तोडऩे के प्रसंग को जीवंत कर दिया। धनुष टूटते ही पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को त्रेतायुग की कथा से जोड़ दिया। एशिया की सबसे बड़ी रामलीलाओं में शुमार द्वारका रामलीला में प्रतिवर्ष रामायण के विभिन्न प्रसंगों का भव्य मंचन किया जाता है। सीता स्वयंवर प्रसंग में राजा जनक के दरबार, विभिन्न राजाओं द्वारा शिव धनुष उठाने के प्रयास और अंत में भगवान श्रीराम द्वारा धनुष भंग करने के दृश्य को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान कलाकारों की संवाद अदायगी और अभिनय ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। रामलीला केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम भी है। भगवान श्रीराम के आदर्शों के जरिए सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया गया। आयोजन में देशभर से श्रद्धालु और दर्शक पहुंचते हैं। सीता स्वयंवर प्रसंग के मंचन के दौरान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को नमन करते हुए कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, विनम्रता, त्याग, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की शिक्षा देता है, जबकि माता सीता का जीवन धैर्य, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। बराला ने कहा कि रामलीला जैसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



टोहाना। रामलीला में सांसद सुभाष बराला को सम्मानित करते हुए।

श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित द्वारका रामलीला

देश की सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है और इसे संरक्षित रखना सभी का सामूहिक दायित्व है। ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ आपसी सद्भाव, सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने रामलीला के आयोजन से जुड़े आयोजकों, कलाकारों और सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कलाकारों और आयोजकों के समर्पण से भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। द्वारका रामलीला भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

भूना में भावुक हुआ भारत मिलाप का मंचन, राजा दशरथ के प्राण त्यागते ही पंडाल में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

श्री राम कृष्ण कला मंच भूना की ओर से आयोजित 75वीं रामलीला के छठे दिन भारत मिलाप की लीला का भावुक मंचन हुआ। रामलीला में दृश्य दिखाया गया कि राम के 14 वर्ष वनवास जाने के बाद राजा दशरथ पुत्र वियोग में तड़पने लगे। मंच से जब दशरथ ने कहा-राम मेरे राम, मेरे पास आ जाओ... मैं तुम्हारे बिना जी नहीं सकता। लगता है श्रवण के माता-पिता के श्राप का समय आ गया है तो पूरे पंडाल में सन्नाटा छा गया। 'राम-राम' जपते हुए दशरथ के प्राण त्यागने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके बाद कहानी आगे बढ़ी। राजा के अंतिम संस्कार के बाद ननिहाल से भरत-शत्रुघ्न को अयोध्या बुलाया गया। अयोध्या में पसरे मातम और पिता के निधन व राम के वनवास का सच जानकर भरत अपनी माता कैकेयी पर खूब बरसे। आगे वन में भरत ने राम से अयोध्या लौटने और राजगद्दी संभालने की विनती की, लेकिन राम ने पिता के वचन और रघुकुल की मर्यादा का हवाला देकर वनवास पूरा करने की बात कही।



भूना। भगवान श्री राम व लक्ष्मण और सीता नदी पार करते हुए।

भट्टूकलां में एफएलएन प्रशिक्षण में 43 शिक्षकों को मिले प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

खंड भट्टूकलां में आयोजित छह दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण के तीसरे बैच का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण में कुल 43 शिक्षकों ने भाग लिया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जबकि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 13 शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ 6 अक्टूबर को खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश ने किया था। उन्होंने अपने विद्यालयी एवं प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों को सकारात्मक सोच, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर रिपुदमन एवं प्रदीप ने विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रश्नोत्तर एवं विचार-विमर्श के माध्यम से शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। ब्लॉक एफएलएन को ऑर्डिनेटर अंजू ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं एवं सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



भट्टूकलां। प्रशिक्षण के समापन पर शिक्षकों को सम्मानित करते हुए अधिकारी।



हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया सम्मान समारोह

सिरसा। हरियाणा बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन का वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह 33 केवी बिजली घर स्थित हनुमान मंदिर के हॉल में आयोजित किया गया। सचिव रणसिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान वीके गर्ग ने की। कार्यक्रम में 80 वर्षीय एसडीओ पीके मित्तल, जेई मोहिंद्र सिंह, एलएम धर्मा, एएफएम जगदीश राम, हैड क्लर्क जोगिंद्र सिंह, 75 वर्षीय जेई केसी आर्य, जेई-। रघुनाथ, जेई-। खेताराम व हैड क्लर्क भगवानदास को सम्मानित किया गया। इसके अलावा वर्तमान में कार्यरत अधीक्षक दलबीर सिंह सोढ़ी, यूडीसी कृष्ण कुमार, एलडीसी संजय कुमार व डीईओ मयूर को भी एसोसिएशन की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के उपप्रधान गुलशन वधवा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि जो वरिष्ठ बिजली पेंशनर हैं, उन्हें समय-समय पर सम्मानित कर उनका प्रोत्साहन किया जाए।



थाना प्रभारी ने रामलीला के मंच से दिया नशा, साइबर ठगी से बचने का संदेश

सिरसा। रामलीला के मंच से अब केवल भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन ही नहीं, बल्कि सिरसा पुलिस समाज को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश भी दे रही है। इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने खैरपुर के रामलीला ग्राउंड में पहुंचकर रामलीला देखने आए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नशे से दूर रहने का संकल्प भी लिया। थाना प्रभारी राधेश्याम ने कहा कि नशा पूरे समाज का साझा दुश्मन है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। केवल पुलिस के प्रयासों से नशे पर पूरी तरह लगाम लगाना संभव नहीं है, बल्कि इसमें आमजन, ग्राम पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं और युवा क्लबों को भी आगे आना होगा।

सरपंच बोले : पंचायत बनने से मनरेगा के तहत रोजगार मिलने की उम्मीद

पंचायत बनाने के लिए हर वार्ड में चलेगा हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

नगर पालिका की कार्यप्रणाली से परेशान लोगों ने भूना में ग्राम पंचायत बहाल करने की मांग को लेकर विशेष मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत शहर के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। मुहिम से जुड़े लोगों का कहना है कि नगर पालिका भंग कर ग्राम पंचायत बनने से लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। सरपंच सुरेश कंबोज ने कहा कि नगर पालिका बनने के बाद शहर में मनरेगा के तहत काम नहीं मिल रहा है, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उनके अनुसार, वर्ष 2010 में मनरेगा के 2800 जॉब कार्ड थे, जबकि अब 6000 से अधिक लोगों को जॉब कार्ड बनवाने की श्रेणी में है। पंचायत बहाल होने पर रोजगार के अवसर बढने की उम्मीद है। उन्होंने दावा किया कि इससे लोगों को विभिन्न करों के बोझ से भी राहत मिल सकती है। पूर्व जिला पार्षद बलविंदर सिंह कैरो और समाजसेवी तरसेम शर्मा ने कहा कि करीब 1200 मतदाता ऐसे हैं, जो नगर पालिका के दायरे में तो आते हैं, लेकिन उन्हें शहरी सुविधाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा। वार्ड नंबर 1, 2, 3, 5, 7, 11, 12, 13, 14 और 15 के कई मतदाता ढाणियों और गैर-अनुमोदित क्षेत्रों में रहते हैं। उनका कहना है कि इन इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है।



भूना। पंचायत बनने से संबंधित आगामी रणनीति के बारे में जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्य।

ये रहे मौजूद

मुहिम से जुड़े लोगों ने दावा किया कि नगर पालिका के सभी 15 पार्षद पंचायत बहाली के समर्थन में आ गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया कि पंचायत बनाने की मांग के साथ सफाई कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। अब हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से इस मांग को आगे बढ़ाने की तैयारी है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन हंसराज सिंगला, पूर्व चेयरमैन चंद्रभान मेहता, अंकित कंबोज, प्रमोद धारनिया, पार्षद अतुल सोनी, मास्टर साधुराम दहिया, पूर्व पंचायत सदस्य मोहनलाल बागड़ी, साधुराम वर्मा, पूर्ण चंद कंबोज आदि मौजूद थे।

न्यूज डायरी

माता रानी के जागरण पंडाल से दानपात्र चोरी

फतेहाबाद। धार्मिक पंडाल से दानपात्र चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सौरभ पुत्र रमेश कुमार निवासी मातूराम कालोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संजय ने बताया कि लाजपत नगर निवासी पुष्कर पुत्र सुशील कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि मोहल्लावासियों द्वारा कमेटी बनाकर टैगोर स्कूल के सामने माता रानी के नौ दिवसीय जागरण का भव्य आयोजन किया गया था।

आईटीआई में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

सिरसा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में वीरवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल की ओर से कमल निर्वाण और कंवर सैन तथा एएसआई गुरप्रीत सिंह ने शिरकत की। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का दृढ़ संदेश दिया। संस्थान की ओर से ग्रुप इंस्ट्रक्टर गुरदयाल सिंह, हरीश तथा इंस्ट्रक्टर वरिंदर उपस्थित रहे।

हड़ौली में सेवा सेतु शिविर लगा

रतिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव हड़ौली में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन बलदेव सिंह ग्रोहा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं तथा विभागीय सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 230 ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान 2 महिलाओं का लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पंजीकरण भी किया गया।

वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के चालान

रतिया। यातायात पुलिस ने वाहनों के शीशों पर नियमों के विरुद्ध ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक कार का चालान किया और उसके शीशों पर लगी काली फिल्म को मौके पर ही उतरवाया। रतिया क्षेत्र में चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने एक कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी पाई, जिस पर नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही पुलिस टीम ने वाहन के शीशों से काली फिल्म को तुरंत उतरवाकर चालक को भविष्य में यातायात नियमों की पालना करने की सख्त हिदायत दी।

नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस की सख्ती

फतेहाबाद। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, सडक जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा अवैध पार्किंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस फतेहाबाद द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस ने शहर के एमसी कट, जीटी रोड पर नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी एक कार के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उसे वहां से हटवाकर थाना यातायात पहुंचाया। थाना यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों एवं व्यस्त चैराहों पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े करने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती है।

डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं जनशिकायतें

फतेहाबाद। वीरवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन की 12 शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में किरढान निवासी कंवर सिंह ने कानूनी कार्रवाई करने, जगदीश ने पीपीपी में इनकम करने, सीमा ने विधवा पैंशन बनवाने, परमजीत ने बिजली का मीटर घर के पास लगाने, अंकुश ने फर्जी दस्तावेज पर पैंशन लाभ लेने पर कार्रवाई करने, सतपाल सिंह ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, राकेश गोदारा ने मुआवजा दिलवाने, बलबीर ने इंतकाल न होने, सावन कुमार ने वोटर आईडी में जन्मतिथि ठीक करने, सुभाष चंद्र ने कानूनी कार्रवाई करवाने, महेन्द्र ने पैमायश करवाने तथा भट्टू कलां निवासी पृथ्वी सिंह ने कब्जा हटवाने की समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं।

टायरों की कमी के कारण बसों के पहिए थमे

सिरसा। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सिरसा डिपो की मीटिंग प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर की अध्यक्षता में हुई जिसमें यूनियन के तमाम पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। कर्मचारी नेता ने कहा कि मौजूदा सरकार के परिवहन विभाग को लेकर किए जा रहे वादे खोखले नजर आ रहे हैं। सरकार जनता की सुविधा की तरफ ध्यान न देकर केवल अपने पूंजीपति सहयोगियों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है। सरकार किलोमीटर स्कीम के मालिकों को कोरोनाकाल का 50 करोड़ का भुगतान कर सकती है, लेकिन बसों को चलाने के लिए टायर नहीं खरीद सकती। डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने कहा कि टायरों की कमी के कारण पूरे हरियाणा में प्रतिदिन सैकड़ों बसें खड़ी रह जाती हैं, जबकि बीती 16 जून को यूनियन के साथ बातचीत में कई मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन धरातल पर कोई भी मांग लागू नहीं हो पाई।